**FORM G**

**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**

(Under Regulation 36A(1) of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

| **RELEVANT PARTICULARS** | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Corporate Debtor | **Siddheshwar Industries Private Limited** |
| 2. | Date of incorporation of Corporate Debtor | 26-08-2002 |
| 3. | Authority under which Corporate Debtor is incorporated / registered | RoC- Pune |
| 4. | Corporate Identity Number / Limited Liability Identification Number of Corporate Debtor | U34300PN2002PTC017240 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of Corporate Debtor | Plot No A/50, H Block, MIDC Pimpri, Pune, Maharashtra-411044, India |
| 6. | Insolvency commencement date of the Corporate Debtor | 14-05-2018 |
| 7. | Date of Invitation of Expression of Interest | 03-07-2022 |
| 8. | Eligibility for Resolution Applicants under Section 25(2)(h) of the Code is available at: | Eligibility Criteria is mentioned in the Detailed Invitation of Expression of Interest and can be obtained from Resolution Professional by sending Email at cirp.siddheshwar@gmail.com |
| 9. | Norms of ineligibility applicable under Section 29A are available at: | Available at the website of IBBI (https://ibbi.gov.in/legal-framework) and also given in Detailed Expression of Interest |
| 10. | Last date for receipt of Expression of Interest | 29-07-2022 |
| 11. | Date of issue of provisional list of Prospective Resolution Applicants | 08-08-2022 |
| 12. | Last date for submission of objections to provisional list | 13-08-2022 |
| 13. | Date of issue of final list of Prospective Resolution Applicants | 23-08-2022 |
| 14. | Date of issue of Information Memorandum, Evaluation Matrix and Request For Resolution Plans to Prospective Resolution Applicants | 13-08-2022 |
| 15. | Manner of obtaining request for Resolution Plan, Evaluation Matrix, Information Memorandum and further information | By seeking the same from Resolution Professional on Email: cirp.siddheshwar@gmail.com<br><br>Information will be shared in electronic form / virtual data room with the eligible Prospective Resolution Applicants |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | Last date for submission of Resolution Plans | 22-09-2022 |
| 17. | Manner of submitting Resolution Plans to Resolution Professional | In a sealed envelope by post/ by hand as well as digital copy in both editable and non-editable formats on a pen-drive or through email with password protection files to the Resolution Professional. |
| 18. | Estimated date for submission of Resolution Plan to the Adjudicating Authority for approval | 07-10-2022 |
| 19. | Name and Registration Number of the Resolution Professional | Manohar Lal Vij<br>IBBI Registration No.: IBBI/IPA-001/IP-P01480/2018-2019/12269 |
| 20. | Name, Address and E-mail of the Resolution Professional, as registered with the Board | Manohar Lal Vij<br>204, CA Apartment, A3, Paschim Vihar, New Delhi-110063<br>mlvij1956@gmail.com |
| 21. | Address and E-mail to be used for correspondence with the Resolution Professional | AVM Resolution Professionals LLP (IPE)<br>8/28, Abdul Aziz Road, Karol Bagh, New Delhi -110005<br>Email ID: cirp.siddheshwar@gmail.com |
| 22. | Further Details are available at or with | Can be sought by email from Resolution Professional at<br>Email: cirp.siddheshwar@gmail.com |
| 23. | Date of publication of Form G | 03-07-2022 |

Sd/-
Manohar Lal Vij
Resolution Professional for Siddheshwar Industries Private Limited
IBBI/IPA-001/IP-P01480/2018-2019/12269
204, CA Apartment, A3, Paschim Vihar, New Delhi-110063

Date: 03-07-2022
Place: Pune, Maharashtra

# आरोपी का भाजपा कनेक्शन

## कांग्रेस का बड़ा हमला, उदयपुर हत्याकांड पर कहा- इसलिए जांच NIA को सौंपी

■ **दिल्ली, नवभारत ब्यूरो.** कांग्रेस ने शनिवार को भाजपा पर उदयपुर हत्याकांड मामले को लेकर बड़ा हमला किया.



कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक मीडिया समूह की ओर से किये गए खुलासा का हवाला देते हुए कहा कि कन्हैया लाल की हत्या के आरोपी रियाज अटारी के भाजपा के दो नेताओं के साथ संबंध थे. भाजपा नेता इरशाद चैनवाला और मोहम्मद ताहिर के साथ रियाज की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है. लेकिन इस समय ये दोनों ही नेता पहुंच से बाहर है. पवन खेड़ा ने सवाल किया कि क्या इसी वजह से यह मामला एनआईए को देने में इतनी जल्दबाजी दिखाई गई है. उन्होंने कहा कि भाजपा को इस मामले पर सफाई देनी चाहिए.

### भाजपा की नफरत की राजनीति का सच

पवन खेड़ा ने कहा कि यह भी सामने आया है कि उदयपुर मामले के मुख्य आरोपी रियाज अटारी राजस्थान भाजपा के कददावर नेता और राज्य के पूर्व गृह राज्य मंत्री गुलाबचंद कटारिया के कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेता था. रियाज भाजपा राजसथान अल्पसंख्यक इकाई की बैठकों में भी शामिल होता था. इसकी तस्वीर लगातार सामने आ रही है. यह भाजपा की नफरत की राजनीति का सच है. जिस पर शायद वे पर्दा डालना चाहते हैं. यही वजह है कि यह मामला एनआईए को देने में तेजी दिखाई गई. पवन खेड़ा ने कहा कि इस मामले को एनआईए को दिए जाने का राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत ने स्वागत किया था.



कन्हैया लाल हत्या मामले में एक आरोपी को अदालत परिसर में जनता द्वारा पीटने से बचाती हुई पुलिस.

### भाजपा ने आरोप को किया खारिज

वहीं, राजस्थान की मुख्य विपक्षी पार्टी ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यह बात निराधार है. भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि रियाज अख्तरी के संदर्भ में एक चैनल द्वारा की गई खोजी खबर में इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है कि यह व्यक्ति भाजपा का सदस्य था. उन्होंने कहा कि इसके विपरीत कुछ भी दावा करना निराधार तथा भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी लड़ाई के लिए खतरनाक है. मालवीय ने कहा कि कांग्रेस को आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर लोगों को मूर्ख बनाना बंद करना चाहिए.

### उदयपुर में अब भी नेट बंद, कर्फ्यू में 4 घंटे की ढील

उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की हत्या के बाद उपजे तनाव के बाद अब स्थिति सामान्य होती दिख रही है. हत्याकांड के 5वें दिन शनिवार को प्रशासन ने कर्फ्यू में 4 घंटे की ढील देने का ऐलान किया लेकिन यहां इंटरनेट रविवार तक बंद रहेगा. हालांकि 18 जिलों में इंटरनेट सेवा को बहाल कर दिया गया है. जयपुर संभाग में जयपुर, दौसा और अलवर और उदयपुर संभाग में उदयपुर और राजसमंद को छोड़कर अन्य जिलों में नेट पर लगी रोक हटा दी गई है. वहीं अजमेर संभाग में भीलवाड़ा और टोंक में भी नेट बंद रहेगा. कोटा और भरतपुर संभाग से सभी जिलों में नेटबंदी रहेगी. इसके अलावा जोधपुर और बीकानेर संभाग में नेट चालू रहेगा.

### एक विशेष विचारधारा है जिम्मेदार : संघ

नूपुर शर्मा पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई कठोर टिप्पणी से आरएसएस और विहिप सहमत नहीं हैं. संघ ने कहा है कि कन्हैयालाल की हत्या को केवल नूपुर द्वारा की गई टिप्पणी के कारण उकसावे में आकर की गई कार्रवाई करार नहीं दिया जा सकता. संघ के मुताबिक, इस तरह के अमानवीय कार्य एक विशेष विचारधारा के प्रभाव में आने के कारण किए जाते हैं. पूरी दुनिया में ऐसा हो रहा है और उसके लिए किसी तरह की उकसावे वाली कार्रवाई को जिम्मेदार नहीं कहा जा सकता. आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील आंबेकर ने कहा कि तालिबान अपने अमानवीय कार्यों के लिए पूरी दुनिया में कुख्यात है.

### कपिल मिश्रा देंगे 1 करोड़ की सहायता

भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल के परिजनों से



मुलाकात कर फंड रेजर के माध्यम से एकत्रित 1 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता परिजनों को देने की घोषणा की. उदयपुर के धान मंडी क्षेत्र में दर्जी कन्हैयालाल की 2 लोगों ने चाकू से गला काट कर नृशंस हत्या कर दी थी और वारदात का एक वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर इसे वायरल कर दिया.

हैदराबाद में भाजपा कार्यसमिति की बैठक

# अहम मुद्दों पर चर्चा होगी

■ **हैदराबाद, एजेंसियां.** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में देश के मौजूदा हालात सहित सभी अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. साथ ही देश की आर्थिक स्थिति और केंद्र सरकार के गरीब कल्याण कार्यक्रमों पर एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार के खिलाफ एक बयान भी जारी किया जाएगा. राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने यह जानकारी दी. भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की औपचारिक शुरुआत यहां स्थित हैदराबाद इंटरनेशनल कनवेंशन सेंटर में हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित पार्टी के तमाम शीर्ष नेताओं ने शिरकत की. कार्यक्रम का एजेंडा, उसमें होने वाली चर्चा और पेश किए जाने वाले प्रस्तावों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई. इसकी जानकारी देने पहुंची वसुंधरा राजे से जब यह पूछा गया कि क्या इस बैठक में उदयपुर हत्या और भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा को लेकर पैदा हुए विवादों से बने देश के माहौल के बारे में भी चर्चा की जाएगी तो उन्होंने कहा, जब राजनीति प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो उसमें देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा होती है. मुझे उम्मीद है कि जो घटनाएं देश में हो रही हैं, उनको लेकर चर्चा होगी और वह राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चाओं का हिस्सा बन सकता है. राजे ने बताया कि पदाधिकारियों की बैठक में भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों और रामपुर और आजमगढ़ सहित विभिन्न उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी और और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीति को दिया है.



### प्रवास, पन्ना प्रमुख, बूथ को मजबूत करने पर रहेगा जोर

आगामी लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठन को और मजबूत बनाने के लिए भाजपा आने वाले दिनों में देश भर में नेताओं के प्रवास, बूथ और पन्ना प्रमुखों को सशक्त करने पर जोर देगी, जबकि केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों से संघन संपर्क और 'हर घर तिरंगा' अभियानों को मूर्त रूप देगी. अभियान के तहत 20 करोड़ लोगों तक पहुंचे. केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के करीब 30 करोड़ लाभार्थियों तक भी भाजपा पहुंचेगी और उनसे संपर्क साधेगी.

### 'वाट्सऐप यूनिवर्सिटी का स्वागत...' : KTR



उधर, तेलंगाना के आईटी मंत्री केटी रामाराव ने शनिवार को बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले पार्टी पर निशाना साधा है. ऐसे में बैठक से पहले हैदराबाद के भव्य कार्यालय भवनों की तस्वीरें शेयर करते हुए केटीआर ने राष्ट्रीय पार्टी पर कटाक्ष किया. राव ने ट्वीट में बीजेपी का नाम नहीं लिया, लेकिन अपने ट्वीट में उन्होंने 'वाट्सऐप यूनिवर्सिटी कार्यकारी परिषद की बैठक' और 'झुमला जीवी' जैसे शब्दों का उपयोग किया, जिससे उनका अर्थ स्पष्ट हो गया. 'वाट्सऐप यूनिवर्सिटी' एक ऐसा शब्द है, जो अफवाह फैलाने या मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर फेक जानकारी के प्रसार के लिए उभरा है. इस शब्द का इस्तेमाल अक्सर विपक्षी दलों द्वारा बीजेपी पर तंज कसने के लिए किया जाता है.

## QUICK NEWS

### संघ की बैठक से पूर्व ही राजस्थान पहुंचे भागवत

**जयपुर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत



अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की सप्ताह भर चलने वाली बैठक से पहले ही शनिवार को राजस्थान पहुंचे. संघ के सूत्रों ने बताया कि भागवत शनिवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से जयपुर पहुंचे, जहां राज्य के संघ के नेताओं ने उनकी अगवानी की. इसके बाद वे कुछ देर के लिए भारती भवन गये. भागवत शनिवार शाम चूरू जायेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे. वे चूरू में तेरापंथ संघ के आचार्य महाश्रमण से मिलेंगे. संघ प्रमुख चार जुलाई से 10 जुलाई तक झुंझुनूं में रहेंगे और और अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होंगे. प्रांत प्रचारक मुख्य बैठक सात से 9 जुलाई तक होगी. बैठक में देशभर के सभी प्रांत प्रचारकों तथा सह प्रांत प्रचारकों के आने की अपेक्षा है.

मध्यप्रदेश : मुफ्त पानी, बेहतर स्कूल का वादा

# निकाय चुनाव में उतरी 'आप'

■ **भोपाल, एजेंसियां.** मध्य प्रदेश में आप मुफ्त पानी, बेहतर स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के वादे के साथ पहली बार स्थानीय निकाय चुनावों में



अपनी किस्मत आजमा रही है. 'आप' की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि पार्टी ने राज्य के 16 नगर निगमों में से 14 में महापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतारा है. हमने पार्षद पद के लिए भी उम्मीदवारों का चयन किया है. मध्य प्रदेश में 413 शहरी निकायों के चुनाव 2 चरणों में 6 जुलाई और 13 जुलाई को होंगे.' सिंह ने कहा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए हमारा प्रमुख चुनावी मुद्दा मुफ्त पानी है. हम जिन शहरी निकायों में जीत हासिल करेंगे, वहां पानी को कर मुक्त कर देंगे.

### 22 हजार स्कूलों को बंद कर दिया गया

उन्होंने आरोप लगाया कि 2018 में कम से कम 22 हजार स्कूलों को बंद कर दिया गया. सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्य तौर पर भाजपा नेताओं के निजी स्कूल फल-फूल रहे हैं, जबकि सरकार द्वारा संचालित संस्थान बंद हो रहे हैं.'आप' नेता ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में कम से कम 42 हजार स्कूलों में पेयजल की सुविधा नहीं है. इन स्कूलों में हैंडपंप या नल काम नहीं कर रहे, जबकि 67 हजार स्कूलों में बिजली नहीं है. सिंह ने कहा, हम नगर पालिका सीमा में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करना चाहते हैं. 'आप' के अलावा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मध्य प्रदेश में पहली बार नगर निकाय चुनावों में किस्मत आजमा रही है. एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी चुनाव से पहले प्रदेश के कई शहरों में जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं.

### भाजपा ने 22 को 6 वर्ष के लिए किया निष्कासित

वहीं दूसरी ओर पार्टी के साथ बगावत करने वाले करीब 22 कार्यकर्ताओं को बीजेपी ने 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है. दरअसल राज्य में चल रहे नगर निकाय चुनाव में इंदौर के करीब 22 पार्टी कार्यकर्ता टिकट न मिलने से नाराज थे, जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है. बीजेपी ने उन्हें मनाने की हरसंभव कोशिश की



लेकिन वे नहीं माने और अभी भी चुनावी मैदान में डटे हुए हैं. आखिरकार पार्टी ने ऐसे सभी बागी प्रत्याशियों को 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है. निष्कासितों में वार्ड संयोजक से लेकर मंडल मंत्री और पूर्व पार्षद तक शामिल हैं. 6 जुलाई को निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान किया जाएगा. बीजेपी ने चुनाव को लेकर अपना संकल्प पत्र भी जारी किया है. संकल्प पत्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वीडी शर्मा ने जारी किया.

विस में आरजेडी विधायक ने किया

# राष्ट्रगीत का अपमान

■ **पटना, एजेंसियां.** बिहार की सियासत में उस समय बड़ा 'खेला' सामने आया, जब एआईएमआईएम के 5 में से 4 विधायक आरजेडी में शामिल हो गए. लालू यादव की राजद में आए इन विधायकों को लेकर अब बीजेपी नेता सुशील मोदी ने टिप्पणी की है. उन्होंने बिहार विस में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के अपमान का मुद्दा उठाते हुए आरजेडी नेतृत्व को घेरा है. मोदी ने कहा, 'राजद के एक विधायक ने राष्ट्र गीत के समय खड़े न होकर इसका अपमान किया. पार्टी बताए कि उसने ऐसे विधायक के विरुद्ध क्या कार्रवाई की? क्या राजद राष्ट्र गीत के अपमान को सही मानता है?'



लालू पर भड़के सुशील मोदी

# CM नीतीश पर भड़के पप्पू यादव

■ **वैशाली, एजेंसियां.** वैशाली में एक साइबर कैफे मालिक की हत्या के



बाद जाप सुप्रीमो पप्पू यादव हाजीपुर पहुंचे. यहां पहुंचकर उन्होंने मृतक के घरवालों से मुलाकात की. पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद पप्पू ने बिहार सरकार पर जमकर भड़ास निकाली. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसी की नहीं सुनते. गठबंधन के साथी दल बीजेपी नेता की भी नहीं सुनते.


**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**ई-निविदा सूचना सं. 16-2022-Sr. DENC.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मध्य रेल, सोलापुर द्वारा समर्थ एवं ख्याति प्राप्त ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे की ई प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा-आंमत्रित करते है। **कार्य का विवरण:** Standardization of 35 Nos (Latur-17 Nos.& Pandharpur-18 Nos.)sand hump as per RDSOdrawing no.T-347 8 for provisionof 28 Nos. dead ends (Latur-18 Nos. & Pandharpur-10 Nos.) under Sr.DEN/C/SUR sub divisions.(Re-invtation), **अनुमानित लागत:** रू.1,86,57,174.85 **बयाना रक्कम:** रू.2,43,300.00/- **निविदा प्रपत्र की कीमत:** कुछ नहीं। **समापन की अवधी:** 12 (माह)। **अनुरक्षण की अवधि :** कुछ नहीं। **www.ireps.gov.in** इस वेब साइट पर कोटेड टेंडर भरने का दिनांक और समय 27.07.2022 को 15.00 Hrs. **www.ireps.gov.in** इस वेब साइट पर कोटेड टेंडर खुलने का दिनांक और समय 27.07.2022 को 15.45 Hrs. निविदाकारों से निवेदन हैं की कोइ बदलाव/शुद्विपत्र (यदि हो) के लिये **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय पर भेंट दे ।

**Moulis - 24** **मं. रे. प्र. (कार्य), सोलापुर**

**रेलमदद हेल्पलाइन 139**



**हजूर साहिब नांदेड़-हड़पसर की फ्रीक्वेंसी में द्वि-साप्ताहिक से दैनिक तक वृद्धि**

रेलवे ने 12730/12429 हजूर साहिब नांदेड़-हड़पसर को द्वि-साप्ताहिक से दैनिक कर फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का निर्णय किया है. विवरण निम्नानुसार है :-

**पुनःक्रमांकन :** उक्त ट्रेन नये नंबर 17630/17629 के साथ चलाई जायेगी और हड़पसर के बजाये पुणे से छूटेगी/तक आयेगी.

**17630** एक्सप्रेस हजूर साहिब नांदेड़ से दि. 05.07.2022 से प्रभावी अनुसार रोजाना 15.15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 05.30 बजे पुणे पहुंचेगी.

**17629** एक्सप्रेस पुणे से दि. 05.07.2022 से प्रभावी अनुसार रोजाना 21.35 बजे रवाना होगी और अगले दिन 10.20 बजे हजूर साहिब नांदेड़ पहुंचेगी.

हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन 07630 का शुभारंभ जालना से पुणे के लिये होगा और माननीय रेल राज्यमंत्री दि. 04.07.2022 को हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे और यह ट्रेन अगले दिन 03.30 बजे पुणे पहुंचेगी.

**आरक्षण :** दि. 05.07.2022 को तथा से रवाना होनेवाली 17629 एक्सप्रेस के लिये दि. 02.07.2022 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों पर और वेबसाइट **www.irctc.co.in** पर बुकिंग शुरू होगी.

**उक्त नियमित ट्रेन के ठहरावों की विस्तृत समय-सारिणी की जानकारी के लिये कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें अथवा एनटीईएस एप डाउनलोड करें.**

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी और अन्य लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर कोविड उपयुक्त व्यवहार का अनुपालन करें.

**मध्य रेल**
www.cr.indianrailways.gov.in
Azadi Ka Amrit Mahotsav

अखिल भारतीय यात्री हेल्पलाइन 139 261


# पंजाब मंत्रिमंडल का जल्द ही होगा विस्तार



■ **चंडीगढ़, एजेंसियां.** पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार कम से कम 5 विधायकों को मंत्री बनाकर जल्द ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकती है. 5 और मंत्रियों के शामिल होने से पंजाब मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित 15 तक पहुंच जाएगी. इस वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद राज्य में आप की सरकार बनने के बाद, मान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में 10 विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल किया गया. मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री समेत 18 हैं. वर्तमान में मान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में 9 मंत्री हैं. मई में स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था.मंत्रिमंडल में एक महिला और एक हिंदू चेहरे को शामिल किये जाने की संभावना है. 2 बार विधायक रहे कम से कम एक विधायक को भी मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने की संभावना है. 'आप' ने राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान 117 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 92 सीट जीतकर सत्ता में वापसी की थी.

## स्कूलों की मरम्मत करें : कुमारस्वामी

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर स्कूलों की खस्ताहाल इमारतों की महीनेभर में मरम्मत नहीं की गई तो उनकी पार्टी जदसे धरना-प्रदर्शन करेगी. कुमारस्वामी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर यह सवाल उठाया. कि अगर स्कूल खस्ताहाल होंगे तो भारत कैसे 'विश्वगुरु' बन सकता है? पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, सरकार को तत्काल कदम उठाना चाहिए. स्कूल इमारतों की मरम्मत और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को स्कूलों में भेजा जाना चाहिए.

# राष्ट्रपति चुनाव : ममता की बीजेपी ने ली चुटकी

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** नया राष्ट्रपति चुनने की जंग अब एकतरफा होती नजर आ रही है. बीजेपी के नेतृत्व वाले राजग की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की एकतरफा जीत की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अब ये स्वीकार कर लिया है. बनर्जी ने कहा है कि द्रौपदी मुर्मू की जीत के ज्यादा चांस हैं. बीजेपी ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का नाम लेते हुए चुटकी ली है. बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि देउचा पचामी में जनजातियों की जमीन कब्जा करने की असफल कोशिशों के बाद ममता बनर्जी को पता चला है कि उनकी छवि महिला और आदिवासी विरोधी बन रही है.

कर्नाटक विधानसभा चुनाव

# मुख्यमंत्री के चेहरे का ऐलान नहीं करेगी कांग्रेस

## गुटबाजी रोकने के लिए फैसला

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** कांग्रेस ने लंबे विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है कि वह आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सामूहिक नेतृत्व के साथ मैदान में उतरेगी. पार्टी कोई सीएम चेहरा घोषित नहीं करेगी. कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निवास पर 2 दिन चले विचार-विमर्श में यह फैसला किया. इस दौरान कर्नाटक के आगामी चुनाव को लेकर भावी रणनीति बनाई गई. अभा कांग्रेस कमेटी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला भी इस बैठक में मौजूद थे. कर्नाटक कांग्रेस के नेतृत्व का एक धड़ा चाहता है कि पार्टी को सीएम प्रत्याशी घोषित नहीं करना चाहिए और सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनाव मैदान में उतरना चाहिए. सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस महसूस करती है कि इस बार राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबला करने के लिए सामूहिक नेतृत्व बहुत जरूरी है. पार्टी का कहना है कि दक्षिण भारत के इस महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस की जीत के लिए एकजुट होकर मोर्चा लेना आवश्यक है. कांग्रेस राज्य में जल्द ही अपना प्रचार कार्यक्रम भी घोषित करेगी.



### अगले वर्ष विस चुनाव

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव अगले वर्ष होने वाले हैं. हालिया राज्यसभा चुनावों की बात करें तो भाजपा ने यहां से 3 राज्यसभा सीटें जीतीं तो कांग्रेस को एक मिली. वहीं जेडीएस हाथ मलता रह गया. वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश राज्यसभा के लिए कर्नाटक से निर्वाचित हुए, हालांकि कांग्रेस का दूसरा प्रत्याशी हार गया. वैसे कर्नाटक विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल अगले वर्ष मई तक का है, लेकिन जेडीएस के नेता व पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने राज्य में जल्दी चुनाव की संभावना प्रकट की. उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिसंबर में चुनाव हो सकते हैं. हालांकि, 5 वर्ष के निर्धारित कार्यकाल के अनुसार अगले वर्ष अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं.


**प्रपत्र- 'जी'**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्पोरेट देनदार का नाम** | **सिद्धेश्वर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 26 अगस्त 2002 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज-पुणे |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या | U34300PN2002PTC017240 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | प्लॉट नंबर ए / 50, एच ब्लॉक, एमआईडीसी पिंपरी, पुणे, महाराष्ट्र-411044, भारत |
| 6. | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | **14 मई 2018** |
| 7. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | **3 जुलाई 2022** |
| 8. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | पात्रता मानदंड का उल्लेख अभिरुचि की अभिव्यक्ति के विस्तृत आमंत्रण में किया गया है और इसे **cirp.siddheshwar@gmail.com** पर ईमेल भेजकर समाधान प्रोफेशनल से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 9. | धारा 29क के अधीन लागू अग्राह्यता के मानदंड : | आईबीबीआई की वेबसाइट **(https://ibbi.gov.in/legal-framework)** पर उपलब्ध है और अभिरुचि की विस्तृत अभिव्यक्ति में भी दिया गया है। |
| 10. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 29 जुलाई 2022 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 8 अगस्त 2022 |
| 12. | अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 13 अगस्त 2022 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 23 अगस्त 2022 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 13 अगस्त 2022 |
| 15. | समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि | समाधान प्रोफेशनल से ईमेल **cirp.siddheshwar@gmail.com** पर मांग करके जानकारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप / वर्चुअल डेटा रूम में पात्र संभावित समाधान आवेदकों के साथ साझा किया जाएगा |
| 16. | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 22 सितंबर 2022 |
| 17. | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | डाक द्वारा / व्यक्तिगत एक सीलबंद लिफाफे में और साथ ही एक पेन-ड्राइव पर संपादन योग्य और गैर-संपादन योग्य दोनों प्रारूपों में एक डिजिटल प्रतिलिपि या समाधान प्रोफेशनल को पासवर्ड सुरक्षित फ़ाइलों के साथ ईमेल के माध्यम से |
| 18. | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 7 अक्टूबर 2022 |
| 19. | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | **मनोहर लाल विज** पंजी.सं.: IBBI/IPA-001/IP-P01480/2018-2019/12269 |
| 20. | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | **मनोहर लाल विज** 204, सीए अपार्टमेंट, ए3, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063. **ईमेल :** mlvij1956@gmail.com |
| 21. | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | **एवीएम समाधान प्रोफेशनल्स एलएलपी (आईपीई)** 8 / 28, अब्दुल अजीज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005 **ईमेल :** cirp.siddheshwar@gmail.com |
| 22. | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | समाधान प्रोफेशनल से **cirp.siddheshwar@gmail.com** पर ईमेल भेजकर मांगा जा सकता है |
| 23. | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | **3 जुलाई 2022** |

हस्ता/-
**मनोहर लाल विज**
समाधान प्रोफेशनल, **सिद्धेश्वर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड**
**तिथि :** 3 जुलाई 2022 **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P01480/2018-2019/12269
**स्थान :** पुणे, महाराष्ट्र **पता:** 204, सीए अपार्टमेंट, ए3, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063



**सी-डैक CDAC | प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)**
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की वैज्ञानिक संस्था

**सी-डैक ऐक्ट्स सितंबर 2022 बैच के लिए**
**स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा**

सी-डैक इंजीनियरिंग में स्नातक या एम.सी.ए और विज्ञान में स्नातकोत्तर (चयनित विषयों) के लिए निम्नलिखित कैरियर उन्मुख पूर्णकालिक 900 घंटे के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा करता है। सामान्य पात्रता और पाठ्यक्रम के अनुसार पात्रता के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट acts.cdac.in देखें।

**स्नातकोत्तर (पीजी) डिप्लोमा पाठ्यक्रम**
- उन्नत कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DAC)
- बिग डेटा विश्लेषिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DBDA)
- एंबेडेड सिस्टम डिजाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DESD)
- आईटी अवसंरचना, सिस्टम एवं सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DITISS)
- आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DAI)
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DIoT)
- वीएलएसआई डिजाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DVLSI)
- मोबाइल कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DMC)
- उन्नत सुरक्षित सॉफ्टवेयर विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DASSD)
- भू-सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DGi)
- रोबोटिक्स और संबद्ध प्रौद्योगिकियों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DRAT)
- एचपीसी सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DHPCSA)
- फिनटेक और ब्लॉकचैन विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DFBD)
- साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DCSF)

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि: 18 जुलाई 2022
सी-डैक कॉमन एडमिशन टेस्ट (सी-कैट): सी-कैट I : 30 जुलाई 2022 तथा सी-कैट II : 31 जुलाई 2022
पाठ्यक्रम प्रारंभ तिथि: 15 सितमबर 2022

नेशनल कॉमन कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम (एनसीसीपीपी) का आयोजन बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, नोएडा, पटना और पुणे में किया गया।

**पाठ्यक्रम की विशेषताएं**
• उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ सुनियोजित पाठ्यक्रम • 900 घंटे के थ्योरी + लैब + परियोजना • अधिकांश केंद्रों में हफ्ते में 6 दिन प्रति दिन 6-8 घंटे (थियरी + प्रयोगशाला) सत्र • पाठ्यक्रम के दौरान निरंतर प्रयोगशाला और आंतरिक मूल्यांकन • सी-डैक, शिक्षा और आईसीटी उद्योग के डोमेन विशेषज्ञों के परामर्श से डिजाइन और विकसित पाठ्यक्रम • पाठ्यक्रम नियमित रूप से आईसीटी उद्योग में नवीनतम रुझानों के साथ अद्यतन किया जाता है • व्यापक डोमेन ज्ञान वाले सी-डैक और आईसीटी उद्योग से विशेषज्ञ संकाय • आईसीटी उद्योग के गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले ट्यूटोरियल, प्रयोग और परियोजनाएं • इंटरनेट के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित कंप्यूटर लैब • सभी केंद्रों पर केंद्रीकृत पाठ्यक्रम-अंत परीक्षाएं • योग्यता, संचार और साक्षात्कार कौशल पर विशेष प्रशिक्षण • कैंपस प्लेसमेंट में शीर्ष आईसीटी कंपनियों की उत्कृष्ट भागीदारी।

**पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले केंद्र :** • बेंगलुरु • भुबनेश्वर • चेन्नई • गुवाहाटी • हैदराबाद • इन्दौर • जयपुर • कोच्चि • कोलकाता • कराड • मुंबई • नागपुर • नाशिक • नई दिल्ली • नोएडा • पटना • पुणे • तिरुवनंतपुरम

पाठ्यक्रम, पाठ्य विवरण, सी-कैट, पात्रता, पंजीकरण और आवेदन, प्रवेश और शिक्षा प्रदान विधि पर अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.cdac.in/acts.cdac.in पर जाएं।

+91 20 25503134 (कार्य दिवसों में 10am-1pm & 2pm-5pm के बीच उपलब्ध) | www.facebook.com/OfficiallyACTS | www.cdac.in या acts.cdac.in

DAVP 06132/12/0008/2223

